Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding implementation of 'Jal Jeevan Mission' in Chhattisgarh.

श्री अरुण साव (बिलासपुर): महोदय, आपने मुझे नियम 377 के अधीन अत्यंत महत्वपूर्ण लोक महत्व का विषय उठाने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद। महोदय, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर में शुद्ध पेयजल पहुँचाने की अति महत्वाकांक्षी योजना लागू की है। छत्तीसगढ़ में इस योजना का क्रियान्वयन अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य योजना के क्रियान्वयन में अत्यंत पिछड़ा हुआ है तथा काम भी अत्यंत गुणवत्ता विहीन है।

अतः मैं आपके माध्यम से जलशक्ति मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि इस विषय पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करें। ... (व्यवधान)